संपदा पदाधिकारी का कार्यालय
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय
बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण,पटना –800014
e-mail :- estatebasu@gmail.com

पत्रांक............../सम्पदा / बि०प०वि०वि०, पटना   दिनांक------/------/ 2024

निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.06.2024 दिन के 11:00 बजे आम जनता के बीच कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना अंर्तगत कार्यालय परिसर एवं प्रक्षेत्र के खाली जगहों पर उगे मौसमी घासों की कटाई हेतु नीलामी समिति के द्वारा अधिकतम बोली के आधार पर आम जनता के हाथो बन्दोबस्त किया जाएगा। । इस संदर्भ में कहना है कि निलामी वक्ताओं को **निलामी बोलने के पूर्व रू० 1000.00 (एक हजार रूपये) मात्र जमानत राशि** के तौर पर जमा करनी होगी जो रकम निलामी समाप्ती के बाद सफल डाक वक्ता की राशि को छोड़कर शेष डाक वक्ता की राशि लौटा दिया जायेगा तथा सफल डाक वक्ता की राशि उनके डाक के रकम में समायोजन कर दिया जायेगा। निलामी हेतु **न्यूनतम राशि ₹ 10,000/– मात्र** है।
यह नीलामी वर्ष 2024–2025 के लिए की जानी है।

1. नीलामी में भाग लेने हेतु प्रत्येक व्यक्तियों को डाक की बोली लगाने के पूर्व ₹ 1,000/– (एक हजार) रूपये मात्र अग्रधन के रूप में जमा करना अनिवार्य है जिसे नीलामी की पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात् उच्चतम डाककर्ता को छोड़कर अन्य को अग्रधन राशि वापस कर दिया जाएगा।
2. सफल डाककर्त्ता को डाक की सम्पूर्ण राशि उसी दिन एक मुश्त जमा कर देना होगा, अन्यथा उनके द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी तथा सेकेण्ड डाक बोलने वाले के नाम निलामी कर दी जायेगी।
3. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति डाक बोलने के पूर्व घासों की मात्रा एवं स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट हो जाने के बाद ही डाक में भाग लेगें अन्यथा डाक हो जाने के बाद कमी का प्रश्न मान्य नहीं होगा।
4. उपरोक्त सभी शर्तो का पालन नहीं करने तथा किसी प्रकार के अशोभनीय घटना पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
5. विशेष परिस्थिति में निर्धारित तिथि 28/06/2024 को बन्दोबस्ती नहीं होने पर अगली तिथि की घोषणा की जाएगी।
6. निलामी की कार्रवाई **कौशल नगर स्थित कार्यालय परिसर, कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र,** में सम्पादित की जाएगी।

निलामी रद्द करने का अधिकार निलामी समिति को प्रदत रहेगी।

ह/०
सम्पदा पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक................../सम्पदा/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक........................../2024

प्रतिलिपि – आई.सी.टी./जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने एवं वृहद प्रसार हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

ह/०
सम्पदा पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक.....473..../सम्पदा/बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक.......14/06......../2024

प्रतिलिपि –निदेशक अनुसंधान, बि०प०वि०वि०, पटना/ वित्त नियंत्रक, बि०प०वि०वि०, पटना / अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय/ अधिष्ठाता, सं०गाँ०ग०प्रौ०सं०, पटना /प्रभारी कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

सम्पदा पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना